**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B A (III Semester) Examination**
**2 December 2014 (Tuesday)**
**10.30 am - 1.30 pm**
**UA03CHLT06 - Hindi Upanyas Part - I (Nirmala)**

**Total Marks : 70**

प्र. १ निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (१५)

(१) ''बुरा रिवाज है, बेहद बुरा! मेरा बस चले तो दहेज लेनेवालों और देनेवालों दोनों को ही गोली मार दूँ ।''

(२) ''जब से ब्रह्माने सृष्टि रची, तब से आजतक कभी बारातियोंको कोई प्रसन्न नहीं रख सका । उन्हें दोष निकालने और निंदा करने का कोई-न-कोई अवसर मिल ही जाता है ।''

(३) ''वह अपना रुप और यौवन उन्हें न दिखाना चाहती थी, क्योंकि वहाँ देखनेवाली आँखें न थी । वह उन्हें इन रसों का आस्वादन लेने योग्य ही न समझती थी ।''

(४) ''पर यह कौन जानता था कि यह सारी लीला विधि के हाथों रची जा रही है । जीवन रंगशाला का वह निर्दय सूत्रधार किसी अगम गुप्त स्थान पर बैठा हुआ अपनी जटिल क्रूर क्रीडा दिखा रहा है ।''

(५) ''मैं आज ही उनकी खबर लूंगा । साफ कह दूंगा, अगर मुँह बंद करके रहना है तो रहो, नहीं तो अपनी राह लो । इस घर की स्वामिनी वह नहीं है, तुम हो । वह केवल तुम्हारी सहायता के लिए है ।

प्र. २ उपन्यास के तत्त्वों के आधार 'निर्मला' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र. २ टिप्पणी लिखिए । (२०)

(१) 'निर्मला' उपन्यास की समस्या ।

(२) 'निर्मला' में रुक्मिणीदेवी ।

प्र. ३ 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर निर्मला का चरित्र-चित्रण कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र. ३ टिप्पणी लिखिए । (२०)

(१) 'निर्मला' उपन्यास का शीर्षक ।

(२) 'निर्मला' उपन्यास की भाषाशैली ।

प्र. ४ निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए । **(कोई पन्द्रह)** (१५)

(१) प्रेमचंद द्वारा लिखित चार उपन्यासों के नाम बताइये ।

(२) निर्मला की बहन का नाम बतायि ।

(३) बाबू उदयभानुलाल की मृत्यु कैसे हुई?

(४) ''अगर तुम अपने मन के राजा हो तो मैं भी अपने मन की रानी हूँ ।'' यह वाक्य कौन कहता है?

(५) पति उदयभानुलाल की मृत्यु के बाद पत्नी कल्याणी क्या सोचती है?

(६) बाबू भालचन्द्र सिन्हा की पत्नी का नाम बताइये ।

(७) मोटेराम से निर्मला के लिए पाँच लडकों की बात सुनकर कल्याणी किसको पसंद करती है?

(८) रुक्मिणी देवी तोताराम के लडकों को निर्मला के पास क्यों नहीं जाने देती थी?

(९) दो पुत्रों की मृत्यु के बाद तोताराम की स्थिति कैसी हो जाती है?

(१०) रुक्मिणी देवी का स्वभाव कैसा था?

(११) निर्मला मंसाराम के पास बैठकर क्या पढ़ती थी?

(१२) मुंशी तोताराम की पहली पत्नी का नाम बताइये ।

(१३) अपने उपर लगे कलंक के लिए मंसाराम क्या सोचता है?

(१४) निर्मला का विवाह डॉ. भुवन मोहन सिन्हा से क्यों नहीं हो पाता है?

(१५) मुंशी तोताराम के बडे बेटे का नाम क्या है?

(१६) डॉ. भुवन मोहन सिन्हा की पत्नी का नाम क्या है?

(१७) जियाराम किसके गहनों की चोरी करता है?

(१८) 'निर्मला' उपन्यास की मुख्य समस्या कौन सी है?

☺ ☺ ☺